बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

अधिसूचना

**संºसंº–9/आº–04–06/2024(स्वाº) ...................... / पटना, दिनांकः–....................**

डॉ0 स्मृति किरण, तत्कालीन चिकित्सा पदाधिकारी SNCU, सदर अस्पताल, बेगूसराय को श्रीमती नन्दनी कुमारी, पिता–कर्ण कुमार, बेगूसराय का दिनांक–15.09.2024 को नवजात शिशु चोरी होने के कारण कर्त्तव्य निर्वहन में सजगता नहीं बरतने के आरोप में विभागीय अधिसूचना सं0–947(9) दिनांक–01.10.2024 द्वारा निलंबित किया गया।

**2.** अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा डॉ0 किरण द्वारा समर्पित प्रत्युत्तर की सम्यक समीक्षा की गयी। सम्यक समीक्षोपरान्त पाया गया कि डॉ0 किरण उक्त तिथि को नियमित रूप से कर्त्तव्य पर उपस्थित थी। उनके द्वारा घटित घटना के संबंध में स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। फलतः विभागीय अधिसूचना सं0–1220(9) दिनांक–03.12.2024 द्वारा डा0 किरण को निलंबन मुक्त करते हुए आरोप प्रकरण से मुक्त कर पूर्व के पदस्थापित स्थान पर योगदान करने का निदेश दिया गया।

**3.** डा0 किरण द्वारा निलंबन अवधि को विनियमित करने का अनुरोध किया गया।

**4.** अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा पाया गया कि डा0 किरण द्वारा निलंबन अवधि में निर्धारित मुख्यालय में नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज किया गया है। बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–11(3) के अधीन निलंबन अवधि को कर्त्तव्य की अवधि मानते हुए पूर्ण वेतन की राशि भुगतान करने का विनिश्चय किया गया।

**5.** डॉ0 स्मृति किरण, तत्कालीन चिकित्सा पदाधिकारी SNCU, सदर अस्पताल, बेगूसराय के निलंबन अवधि को कर्त्तव्य की अवधि मानते हुए पूर्ण वेतन की राशि भुगतेय होगा।

**6.** इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**
**ह0/–**
**(उपेन्द्र राम)**
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांकः–9/आº–04–06/2024(स्वाº) 245(9) / पटना, दिनांकः–19.3.25**

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार, (ले० एवं ह0) बिहार पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0 दा0 नि0 को0) विभाग, बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, बेगूसराय/कोषागार पदाधिकारी, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–माननीय मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वा0 विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार पटना के निजी सहायक को सूचनार्थ।

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर–निदेशक, स्वास्थ्य सेवायें, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर/सिविल सर्जन, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–डॉ0 स्मृति किरण, तत्कालीन चिकित्सा पदाधिकारी SNCU, सदर अस्पताल, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19/03/2025

(15)

**प्रतिलिपि**:–प्रशाखा पदाधिकारी 2, 3, 7, 8, 10, 17 एवं PMU Lead को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**:–आई0टी0 मैनेजर, स्वा0 विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

17/03/2025

**सरकार के अवर सचिव।**